प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- जीएसटी परिषद ने चार स्लैब को घटाकर दो किया–5 और 18 प्रतिशत की स्लैब बरकरार रखी। परिषद के निर्णयों से आमजन के काम आने वाली रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए अगली पीढी के सुधारों की सराहना की–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परिषद के फैसलों को एतिहासिक बताया।
- केन्द्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम आज कोटा दौरे पर–केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा का जोधपुर पंहुचने का कार्यक्रम।
- प्रदेश में पिछले 24 घंटों में करीब 16 शहरों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज–पूर्वी और दक्षिण पूर्वी भागों में मध्यम से भारी और कहीं–कहीं अतिभारी बारिश का पूर्वानुमान।

00000

जीएसटी परिषद ने आम आदमी और मध्यम वर्ग के उपयोग की वस्तुओं पर वस्तु और सेवा कर–जीएसटी 18 तथा 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। अप्रत्यक्ष कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाते हुए परिषद ने वर्तमान चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया है। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दर को समाप्त किया गया है। जबकि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की स्लैब को बरकरार रखा गया है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि परिषद ने व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों, फैमिली फ्लोटर और वरिष्ठ नागरिकों सहित व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी से छूट को मंजूरी दे दी है। ये सभी बदलाव इस महीने की 22 तारीख यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे। परिषद ने 33 जीवन रक्षक दवाओं और औषधियों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य तथा कैंसर और अन्य गंभीर तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन जीवन रक्षक दवाओं पर 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है। अन्य सभी दवाओं और औषधियों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। परिषद द्वारा लिये गये फैसलों से आमजन के काम में आने वाली रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हो जायेंगी।

....

गौरतलब है कि वित्तमंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक नई दिल्ली में हुई। परिषद ने देश में अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों, कर दरों को युक्तिसंगत बनाने और अनुपालन को सरल बनाने पर विचार–विमर्श किया। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और विभिन्न राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से प्रतिनिधि शामिल हुए। राजस्थान से उद्योग राज्यमंत्री के के विश्नोई बैठक में मौजूद रहे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए अगली पीढ़ी के सुधारों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इसमें आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ये सुधार सभी के लिए खासकर छोटे व्यापारियों, व्यवसायों और व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह निर्णय व्यवस्था को और सरल और पारदर्शी बनाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रदेश में जीएसटी परिषद द्वारा लिये गये निर्णयों की विभिन्न क्षेत्रों के लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। भीलवाडा वस्त्र उद्यमी संगठन ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती से उद्योगपतियों को राहत मिलेगी। उधर सवाईमाधोपुर के गिरधर शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार का आभार जताया।

.....

राज्य विधानसभा में आज राजस्थान माल और सेवाकर द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 और कारखाना राजस्थान संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इनका प्रस्ताव रखेंगे। चर्चा के बाद विधेयक पारित किये जायेंगे। इनके अलावा सदन में वित्त विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन और सडक सुरक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और उर्जा विभाग की अधिसूचनाएं रखी जायेगी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे प्रस्तुत करेंगी। सदन में आज विभिन्न याचिकाओं का उप स्थापन भी किया जायेगा।

0000

केन्द्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम का आज कोटा पहुंचने का कार्यक्रम है। श्री ओराम आदिवासी जनजातीय गौरव सम्मेलन में भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि वे कई कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

.....

उधर केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा आज जोधपुर पंहुचेंगे। वे आदर्श विद्या मंदिर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री नड्डा कल भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वहीं केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल भरतपुर जिले का दौरा किया। इस अवसरपर उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में बताया कि जिले में पर्यटन को बढावा देने के लिए सरकार प्रयासरत है। इसी कडी में बयाना में किले के संरक्षण के लिए कार्य योजना बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। वहीं डीग जिले में जल महलों के संरक्षण के लिए डीपीआर भी तैयार कराई जा रही है।

0000

प्रदेश में 15 सितम्बर से शुरू होने वाले शहर चलो अभियान के प्री–कैम्प आज से लगाये जा रहे है। इस दौरान 13 सितम्बर तक अधिकारी शहरी निकायों के वार्ड पार्षदों से चर्चा कर समस्याओं का चिन्हीकरण करेंगे। ताकि लोगों को मुख्य कैम्प के दौरान सुगम और जल्द राहत मिल सके। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा।

0000

प्रदेश में बारिश का दौर बना हुआ है। कल राजधानी जयपुर सहित करीब 16 शहरों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। जयपुर के गलता तीर्थ के पिछले हिस्से में पानी के बहाव में कई श्रद्धालु फंस गए। इन्हें रेस्क्यू टीम ने बचाया। दौसा में तेज बारिश से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा। पाली में बांध और नदी नालों के उफान पर होने से प्रशासन ने रोहट से जालौर मार्ग को बंद करवाया तथा राहगीरों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की। धौलपुर में चम्बल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पंहुच गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण निचले स्थानों पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है। झुंझुनूं में एक मकान की छत गिर गई और मलबे में दबने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। सिरोही में देर रात कई जगह बारिश हुई। चूरू और जालौर में भी रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी है। डूंगरपुर में आज सुबह से बरसात हो रही है। भीलवाडा में लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसलों को नुकसान पंहुचने का अंदेशा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 3–4 दिन पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी भागों के कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से भारी और कहीं–कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में कल से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा जोधपुर संभाग में कल से 7 सितंबर के दौरान कहीं–कहीं भारी और अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

0000